# गयादेई महिला महाविद्यालय


असतो मा सद्गमय

स्थापित: 29 जून 2017

निकट-बाईपास, दुर्गापुर रोड, अमेठी (उ0प्र0) पिन कोड- 227 405

(सम्बद्ध : डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

M : gdmamethi@gmail.com : www.gdmmamethi.org : 8787206300, 9118755106








क्रमांक
033





## महाविद्यालय प्रवेशिका

सत्र 2021-22



# महाविद्यालय के संस्थापक



## श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति

पूर्व कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 शासन

# महाविद्यालयः एक परिचय


शिक्षा विकास की धुरी है। किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास तभी संभव होता है जब उस देश में निवासित लोग सुशिक्षित हों। यहां यह भी कहना समीचीन होगा कि न केवल मात्रात्मक शिक्षा ही विकास की परिचायक है अपितु इसके साथ यह भी आवश्यक है कि लोग आचार, विचार एवं संस्कारों से भी सुशिक्षित हों। राजनीतिक दृष्टि से उर्वर अमेठी में यद्यपि शिक्षा संस्थानों की कमी नहीं रही है किन्तु फिर भी यह तथ्य अवलोकनीय है कि सुदूरांचल में निवासित ग्रामीण क्षेत्रों की एक बहुत बड़ी आबादी अभी भी विशेषतया उच्च शिक्षा के सोपानों तक पहुंचने में अछूती रही है। महत्वपूर्ण यह है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक सपना है जबकि कोई भी समाज, क्षेत्र एवं राष्ट्र तब तक समृद्ध नहीं हो सकता जब तक वहां की स्त्रियां सुशिक्षित न हों ।

इसी पार्श्व–पृष्ठ भूमि में जनपद–अमेठी के सुदूरांचल में स्थित गांवों की बालिकाओं को उच्च शिक्षा दिलाने के उद्‌देश्य से इस महाविद्यालय की स्थापना पूर्व कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 शासन श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति द्वारा अपनी माता स्व0 श्रीमती गयादेई की पुण्य स्मृति में 22 सितम्बर 2013 में की गयी।

गयादेई महिला महाविद्यालय, दुर्गापुर रोड अमेठी को उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 एवं 2004 में विहित प्रावधानों के आलोक में जून, 2017 में डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद से सम्बद्धता प्रदान की गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को स्नातक स्तर पर **कला संकाय** के अन्तर्गत **हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र एवं गृहविज्ञान** विषयों में बी0ए0 पाठ्यक्रम, स्नातक स्तर पर **विज्ञान संकाय** के अन्तर्गत **भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित** विषयों में बी0–एस0सी0 पाठ्यक्रम तथा स्नातक स्तर पर **वाणिज्य संकाय** के अन्तर्गत **बी0काम0 पाठ्यक्रम** संचालित किये जाने हेतु सम्बद्धता प्रदान की गयी है।

अनुशासन एवं समयबद्ध पठन–पाठन इस महाविद्यालय की अपनी विशिष्टता रही है। इसकी समय–समय पर यहाँ पधारे विद्वान मनीषियों ने मुक्त कण्ठ से प्रशंसा भी की है। महाविद्यालय प्रशासन अपनी छात्राओं से यही अपेक्षा करता है कि वे पूर्ण अनुशासनबद्ध होकर निष्ठा एवं लगन के साथ स्वाध्याय करें एवं सदाचार के नियमों का पालन करते हुए उन्नति के पथ पर सदैव अग्रसर होती रहें।

महाविद्यालय का प्रबन्धतंत्र महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निरन्तर प्रयत्नशील रहता है। इन्हीं सत्प्रयासों के परिणाम स्वरूप महाविद्यालय में **गर्ल्स कॉमन रूम, कम्प्यूटर रूम तथा गृह–विज्ञान की प्रयोगशाला** की भी स्थापना की गयी है। सुरम्य वातावरण में स्थित शहर के कोलाहल से दूर अति विस्तृत सुसज्जित महाविद्यालय भवन, **समृद्ध पुस्तकालय** एवं कार्यालय, प्रयोगशालाएं तथा विद्वान प्राध्यापक मण्डल द्वारा शिक्षण कार्य इस महाविद्यालय की अपनी विशेषता है। महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। समाज के लोगों तथा ईश्वर के सहयोग से महाविद्यालय में निकट समय में अन्य अनेक अवस्थापनागत सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी जिससे क्षेत्र एवं समाज की बच्चियाँ सुखद एवं सहज वातावरण में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।



# महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं

## पुस्तकालय

अच्छी पुस्तकें जीवंत देव प्रतिमाएं होती हैं। महाविद्यालय में अध्ययनरत बालिकाएं पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रम से इतर अन्य समाजोपयोगी, ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन कर सकें इसके लिए परिसर के अन्दर ही एक सुसज्जित पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना की गयी है। सम्प्रति इस पुस्तकालय में लगभग **10 हजार पुस्तकें** उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के अन्दर ही वाचनालय उपलब्ध है, जिसमें बैठकर बालिकाएं अपनी सुविधानुसार पुस्तकें, पत्र–पत्रिकाएं आदि पढ़ सकती हैं। वाचनालय के अन्दर **रीडिंग कार्नर** की व्यवस्था है। नियमित समाचार पत्र एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में कौशल आधारित पुस्तकें भी उपलब्ध हैं, जो बालिकाओं के दक्षता संवर्धन में सहायक हैं। पुस्तकालय के बुक बैंक से पुस्तकें बालिकाओं को पूरे वर्ष के लिए दी जाती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाओं के लिए पढ़ाई की समस्या न हो इसके लिए पुस्तकालय में पुस्तकों की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।



## पेयजल

महाविद्यालय में बालिकाओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गयी है। सामूहिक रूप से परिसर के अन्दर पानी की टंकिया लगायी गयी हैं। निर्धारित स्थान पर कूलिंग मशीन लगायी गयी है तथा गर्ल्स कॉमन रूम के अन्तर्गत आर. ओ. की मशीन लगायी गयी है जिससे स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल हर समय उपलब्ध हो सके।

## विद्युत व्यवस्था

छात्राओं की सुविधा के लिए पूरे महाविद्यालय परिसर में अबाध गति से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अण्डरग्राउण्ड वायरिंग करायी गयी है। महाविद्यालय में जगह–जगह जनरेटर सेट लगाए गये है जिसमें निरन्तर विद्युत आपूर्ति बनी रहती है।

## वाहन स्टैन्ड

बालिकाओं के वाहन यथा स्कूटी/साईकिल आदि को सुरक्षित खड़ा करने हेतु महाविद्यालय परिसर के अन्दर ही वाहन स्टैण्ड बनाया गया है। इसपर महाविद्यालय का कर्मचारी नियमित रूप से उपलब्ध रहता है।

## खेलकूद

छात्राओं के अन्दर खेल प्रतिभा के विकास के लिए एक विशालकाय खेल का मैदान बनाया गया है। विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की खेल प्रतिभाएं समय–समय पर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करती हैं। खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय में अलग से एक प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षिका की नियुक्ति की गयी है। महाविद्यालय में सभी खेलों के लिए आवश्यक उपकरण विद्यमान है। महाविद्यालय में इनडोर स्पोर्ट्स की सुविधा भी उपलब्ध है। बालिकाओं में विशिष्ट प्रतिभाओं का विकास हो सके इसके लिए निकट भविष्य में **एन.सी.सी., एन.एस.एस.** एवं **स्काउट गाइडिंग** की योजना लागू किया जाना भी प्रस्तावित है।

## वाई.फाई.

सम्प्रति सूचना तकनीकी के विस्तारीकरण एवं अध्ययन–अध्यापन की प्रक्रिया का डिजिटलाइजेशन होने के कारण इण्टरनेट की सुविधा अति आवश्यक हो गयी है। इसके लिए महाविद्यालय परिसर को पूर्ण रूप से वाई. फाई. कनेक्शन से लैश कर दिया गया है। बच्चियां अद्यतन शैक्षणिक सामग्री को डाउनलोड करके अध्ययन हेतु प्रयोग कर सकती हैं, इस सुविधा के कारण शिक्षिकाओं को भी क्लासरूम में अद्यतन शैक्षणिक सामग्री परोसने में बल मिलता है।

## शैक्षिक संगोष्ठी

महाविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं बालिकाओं के ज्ञानवर्धन के लिए विभागवार अलग–अलग शैक्षिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है इससे न केवल बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है वरन् शिक्षकों का भी क्षमता संवर्धन होता है। इस कार्य के लिए महाविद्यालय में प्रोजेक्टर व एल.सी.डी. के साथ–साथ एक विशाल कॉमन हाल का निर्माण किया गया है। विषयवार विभिन्न अद्यतन अवधारणाओं पर आधारित वीडियो क्लिप भी समय–समय पर बच्चियों को दिखायी जाती है।

# प्रशासनिक विभाग

## A अनुशासन एवं परीक्षा समिति

1. श्री योगेन्द्र ओझा
2. सुश्री मिताली दीक्षित
3. श्री शैलेन्द्र कुमार पाल
4. श्री अजय कुमार प्रजापति

## B सांस्कृतिक एवं खेलकूद समिति

1. श्रीमती उर्मिला पाल
2. श्री विजय कुमार द्विवेदी
3. श्रीमती नीलम यादव
4. श्री अखिलेश यादव
5. श्रीमती कंचन यादव
6. श्री ओम प्रकाश



## महाविद्यालय में बालिकाओं के प्रवेश हेतु एक प्रवेश नियमावली बनायी गयी है, जिसका पालन सभी के लिए अनिवार्य है।


1. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु स्थान सीमित है। प्रवेश की प्रक्रिया मेरिट पर आधारित है।
2. प्रवेश हेतु ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाओं को वरीयता दी जाएगी।
3. छात्राओं को प्रवेश के समय इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. प्रवेश आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाणपत्र एवं इण्टरमीडिएट अंकपत्र/ प्रमाणपत्र, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न होने चाहिए।
5. प्रवेश आवेदन पत्र महाविद्यालय के काउण्टर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
6. प्रवेशार्थी निर्धारित प्रवेश आवेदन–पत्र को सभी अनुलग्नकों के साथ सम्पूरित करके महाविद्यालय के काउण्टर पर जमा करेगा। महाविद्यालय में उपलब्ध सीटों के आधार पर मेरिट के आगणन के अनुसार प्रवेश समिति द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया सम्पूरित की जाएगी।
7. अनुशासन इस महाविद्यालय की विशेषता है। अतः सभी छात्राओं को महाविद्यालय के अन्दर अनुशासन समिति द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।
8. स्नातक स्तर पर गृहविज्ञान विषय पढ़ने वाली छात्राओं के लिए इण्टरमीडिएट में गृहविज्ञान विषय होना अनिवार्य है।
9. महाविद्यालय में कक्षाएं नियमित चलती है। अतः प्रवेश लेने वाली सभी बालिकाओं को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा साथ ही महाविद्यालय में निर्धारित ड्रेस में ही प्रवेश करने की अनुमति होगी।
10. महाविद्यालय में संचालित किसी भी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाली छात्राओं को किसी भी दशा में अगली कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
11. विहित प्रावधानों के अनुसार प्रवेश समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रवेशार्थी को प्रवेश देने से मना कर दे।

# महाविद्यालय में अध्ययन हेतु उपलब्ध विषय

महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर अध्ययन हेतु उपलब्ध एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित विषय निम्नवत हैं –


## कला संकाय के अन्तर्गत –

1. हिन्दी
2. संस्कृत
3. प्राचीन इतिहास
4. समाजशास्त्र
5. शिक्षाशास्त्र
6. अंग्रेजी
7. गृहविज्ञान



## विज्ञान संकाय के अन्तर्गत –

1. गणित
2. भौतिक विज्ञान
3. रसायन विज्ञान
4. वनस्पति विज्ञान
5. जन्तु विज्ञान



## वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत –

समस्त पाठ्यक्रम

# कला संकाय

| | |
|---|---|
| कु0 सुनीता चौहान | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : समाजशास्त्र |
| श्रीमती नीलम यादव | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : समाजशास्त्र |
| कु0 दीपाली मौर्य | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : गृहविज्ञान |
| श्रीमती उर्मिला पाल | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : गृहविज्ञान |
| डॉ0 विभा पाण्डेय | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : अंग्रेजी |
| श्री विजय कुमार द्विवेदी | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : अंग्रेजी |
| श्री सुरेश चन्द्र पाल | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : शिक्षाशास्त्र |
| श्रीमती कुसुम यादव | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : शिक्षाशास्त्र |
| श्री संतोष कुमार मिश्र | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : संस्कृत |
| श्री महेन्द्र कुमार शुक्ल | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : संस्कृत |
| श्री संदीप कुमार मिश्र | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : इतिहास |
| श्री संदीप कुमार शुक्ल | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : प्राचीन इतिहास |
| श्री अनिल कुमार त्रिपाठी | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : हिन्दी |
| श्री अजय कुमार प्रजापति | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : हिन्दी |

# विज्ञान संकाय

| | |
|---|---|
| डॉ0 राम बहोर साकेत | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : वनस्पति विज्ञान |
| श्रीमती कंचन यादव | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : वनस्पति विज्ञान |
| श्री सुधांशु प्रताप सिंह | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : जन्तु विज्ञान |
| श्रीमती प्रिया विश्वकर्मा | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : जन्तु विज्ञान |
| डॉ0 शिवकुमार | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : भौतिक विज्ञान |
| श्रीमती अनामिका रावत | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : भौतिक विज्ञान |
| श्री जितेन्द्र यादव | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : भौतिक विज्ञान |
| डॉ0 गनेश राम नामदेव | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : रसायन विज्ञान |
| सुश्री मिताली दीक्षित | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : रसायन विज्ञान |
| श्री शैलेन्द्र कुमार पाल | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : रसायन विज्ञान |
| डॉ देवेन्द्र कुमार | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : गणित |
| श्री योगेन्द्र ओझा | – असिस्टेन्ट प्रोफेसर : गणित |

# वाणिज्य संकाय

सुश्री शिखा त्रिपाठी – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

सुश्री रेखा वर्मा – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

श्री पंकज गेरा – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

सुश्री प्रज्ञा मौर्या – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

श्री मिथिलेश कुमार – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

सुश्री स्नेहा विश्वकर्मा – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

श्री विवेक त्रिपाठी – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

सुश्री दीपमाला – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

श्री कृष्णा सिंह – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

श्री ओम प्रकाश – असिस्टेन्ट प्रोफेसर

# कार्यालय

श्री अखिलेश यादव

सुश्री नीलम

सुश्री पुष्पा

# पुस्तकालय

सुश्री सुषमा देवी – पुस्तकालय अध्यक्ष

सुश्री ऊषा प्रजापति – पुस्तकालय लिपिक

# लैब असिस्टेन्ट

| | |
|---|---|
| श्रीमती मिथिलेश कुमारी | – लैब असिस्टेन्ट : रसायन विज्ञान विभाग |
| श्रीमती किरन | – लैब असिस्टेन्ट : जन्तु विज्ञान विभाग |
| श्रीमती रेनू देवी | – लैब असिस्टेन्ट : भौतिक विज्ञान विभाग |
| श्रीमती माधुरी | – लैब असिस्टेन्ट : वनस्पति विज्ञान विभाग |
| श्रीमती रीता साहू | – लैब असिस्टेन्ट : गृहविज्ञान विभाग |

# कम्प्यूटर आपरेटर

श्री संदीप श्रीवास्तव

# कर्मचारी

श्री फूलचन्द

श्रीमती पूनम देवी

श्रीमती कुसुम

श्रीमती रेहाना बानो

# बस कर्मचारी

श्री उमेश कुमार

श्री रामवृक्ष

# बस कन्डक्टर

श्री रामभजन

श्री ओम शंकर मौर्य

# बागबान

श्री रामभजन

# चौकीदार

श्री बब्बन

श्री पवन कश्यप

# महाविद्यालय के प्रबन्धक



श्री अनिल प्रजापति



## महाविद्यालय की प्रतिभाएं



बी०एस०सी०
वंशिका श्रीवास्तव
(प्रथम)



बी०एस०सी०
वर्तिका श्रीवास्तव
(द्वितीय)



बी०ए०
फोरम वर्मा
(प्रथम)



बी०ए०
दुर्गावती प्रजापति
(द्वितीय)



बी०ए०
दुर्गेश्वरी
(तृतीय)

# RASTOGIDIGITALPRESS,AMETHI 9721007251